हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
1 अप्रैल 2024, समय 1810

- प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा की भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की ज़रूरत है ताकि देश पर वैश्विक परिस्थितियों का ज्यादा प्रभाव न पड़े।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा की सभी अनाज मंडिओं में गेहूं की खरीद के इंतेज़ाम कर दिए गए है।
- हरियाणा के DGP ने अंतरराज्यीय सीमाओं पर लगाए जाने वाले नाको पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने की दी हिदायत।
- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कपास उत्पादन बढ़ाने तथा उन्नत तकनीकों की जानकारी हेतु प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

..........................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि देश पर वैश्विक परिस्थितियों का ज्यादा प्रभाव न पड़े। प्रधानमंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुम्बई में आयोजित समारोह में कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और यह शोध का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में उनकी सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों के कारण बैंकिंग क्षेत्र लाभ की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार के लिए साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की पूंजी डाली है।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति, जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थी, वह पिछले साल सितंबर तक गिरकर तीन प्रतिशत से भी कम रह गई। श्री मोदी ने कहा कि बैंक अब 15 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

..........................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। दिल्ली में कल हुई रामलीला मैदान में रैली को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा है कि यह गठबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन है, जिसे पूरे देश ने देखा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता केजरीवाल के समर्थन में यह रैली हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही मिली हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी को सांसद और विधायक छोड़कर जा रहे हैं।
इस मौके पर उन्होंने पूछे गए सवाल के जवाब में कहा है कि सभी मंडियों के अंदर गेहूं की खरीद को लेकर सभी सुविधाएं पुख्ता की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमने उठान को लेकर भी सभी इंतेज़ाम कर लिए है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा की ओला वृष्टि से हुए नुकसान के आकलन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है, उन्होंने कहा की चलद गिरदावरी कर मुहावजा दिया जायेगा

..........................................................................

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने आज के समय में नई तकनीकों से उत्पन्न होने वाले सुरक्षा खतरों के प्रति आगाह किया। उन्होंने आज नई दिल्ली में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सर्विसेज के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए, कहा कि अब नई तकनीकें जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम, जैमिंग, ड्रोन और साइबर खतरे अधिक परेशानी पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया और बीसीएएस को नई प्रौद्योगिकियों से अपडेट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश में विमानन क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है और यह इस  में एक रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विमानन बुनियादी ढांचे में किसी भी मात्रात्मक वृद्धि से कमजोर न हो।

..........................................................................

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली शरण ने आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला। 1990 बैच की अधिकारी सुश्री शरण ने मनीष देसाई के सेवानिवृत्त होने के बाद इस पद का कार्यभार संभाला।

सुश्री शरण निर्वाचन आयोग और वित्त मंत्रालय में भी काम कर चुकी हैं।

..........................................................................

हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला पुलिस अधीक्षक जिलों की पुलिस फोर्स की ऑडिट ठीक प्रकार से कर ले क्योंकि चुनाव से एक दिन पहले तथा चुनाव के दिन अपेक्षाकृत अधिक पुलिस फोर्स की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर लगाए जाने वाले नाको पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगवाने की हिदायत भी दी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिलों में अलग-अलग स्तर के अधिकारियों की अध्यक्षता में टीमें जैसे स्टेटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम, क्विक रिस्पांस टीम आदि सहित कई अन्य टीमे तैनात की जानी हैं। पुलिसकर्मियों को इन टीमों का हिस्सा रहते हुए किस प्रकार कार्य करना है, इसकी जानकारी उन्हें होना अत्यंत आवश्यक है।

..........................................................................

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री कपूर ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कार्यों को लेकर स्पष्टता होनी चाहिए ताकि चुनाव को शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जा सके।

इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने सहित चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। श्री कपूर ने कहा कि चुनाव से पहले तथा चुनाव के समय पुलिस विभाग में प्रत्येक स्तर के अधिकारी को अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी होनी चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके। कोई भी अधिकारी चुनाव ड्यूटी को लेकर अपने मन में किसी प्रकार का संशय ना रखें और उसे समय रहते दूर कर लें।

उन्होंने बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी, आर्म लाइसेंस वेरीफाई करने अथवा उन्हें जमा करवाने सहित चुनाव सेल की भूमिका के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान तैयार की जाने वाली सभी रिपोर्ट्स बिल्कुल सटीक होनी चाहिए। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक पुलिस फोर्स की तैनाती बारे तथा एक

अच्छा और प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान समय रहते तैयार कर लें ताकि उन्हें बाद में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारियों को चुनाव के दौरान प्रीवेंटिव एक्शंस के बारे में आवश्यक जानकारी होनी चाहिए।

..........................................................................

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणाकृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को कपास का उत्पादन बढ़ाने, उन्नत किस्म के बीजों एवं तकनीकी जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। प्रशिक्षण शिविर में अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने किसानों को बताया कि गुलाबी सुंडी का प्रकोप खेतों मे रखी हुई लकड़ियोंऔर बनछटियों के कारण फैलता है।

इनका उचित प्रबंधन किया जाना चाहिए। सायना नेहवाल कृषिप्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि संस्थान द्वारा समय – समय पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। कपास अनुभाग के प्रभारी डॉ. करम सिंह ने बताया कि बीटी नरमा केलिए शुद्ध नाइट्रोजन, शुद्ध फास्फोरस, शुद्ध पोटाश व जिंकसल्फेट की सिफारिश की जाती है। उर्वरक की मात्रा मिट्टी की जांच के आधार पर तय की जानी चाहिए। पांच – छह साल में एक बारगोबर की खाद डालनी चाहिए। शिविर में किसानों को विश्वविद्यालय की तरफ से उत्पादक सामग्री भी प्रदान की गई।

..........................................................................

गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार ने आज अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए एस.सी.एस.टी. एक्ट के तहत जो कार्रवाई की जा रही है, उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने एस.सी.एस.टी. एक्ट के तहत वर्ष 2023-24 में जो केस दर्ज किये गये थे, उनके तहत सम्बन्धित लाभार्थियों को योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है, उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने पीड़ित परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट 1989 के तहत एफआईआर दर्ज होते ही पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा राशि देना सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को समय पर इसका लाभ मिल सके। इस एक्ट के तहत जो संबंधित व्यक्ति एफआईआर दर्ज करवाता है तो समाज कल्याण विभाग उस व्यक्ति से बैंक अकाउंट नंबर व अन्य दस्तावेज लेकर आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध करें। इस मामले में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

वर्ष 2023-24 में एस.सी.एस.टी. एक्ट के तहत उपमंडल स्तर पर 09 शिकायतें प्राप्त हुई थी। सभी मामले कोर्ट में विचाराधीन है। सभी नौ केस में पीड़ित पक्ष को 4 लाख 20 हजार की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है व 8 लाख 50 हजार की राशि अभी दी जानी है।

..........................................................................

तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेण्डर के दाम कम कर दिए हैं। इनमें अलग-अलग शहरों में 30 से 32 रूपये तक की कटौती की गई है। दिल्ली में वाणिज्यिक सिलेण्डर की कीमत एक हजार 795 रुपए से घटकर अब एक हजार 764 रुपये हो गई है।

कोलकाता में इसकी कीमत एक हजार 879, मुम्बई में एक हजार 717 और चेन्नई में एक हजार 930 रुपये हो गई है।

.........................................................................

आकाशवाणी तिरुवनंतपुरम केंद्र आज अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस केन्द्र की स्थापना त्रावणकोर रेडियो स्टेशन के रूप में वर्ष 1943 में हुई थी और एक अप्रैल 1950 को यह आकाशवाणी का हिस्सा बना। इस अवसर पर तिरुवनंतपुरम केन्द्र साल भर के लिए विभिन्न समारोह आयोजित करेगा जो आज से शुरू होंगे।

.........................................................................